प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 09.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की देशव्यापी पोषण पखवाड़ा की शुरुआत, कुपोषण मुक्त भारत के लिए सामूहिक प्रयासों पर दिया जोर।
- ट्रेजरी मामले पर राज्य में आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज, भाजपा ने की सीबीआई जांच की मांग, कांग्रेस ने विपक्ष के आरोपों को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- झारखंड हाईकोर्ट ने रांची विश्वविद्यालय के लीगल स्टडीज में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी, कुलपति और कुलसचिव को किया तलब।
- जेपीएससी ने जारी किया झारखंड पात्रता परीक्षा का विस्तृत शेड्यूल; 26 अप्रैल को रांची, बोकारो, धनबाद समेत 6 जिलों में होगी परीक्षा।
- रांची में चल रही 16वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में मेजबान झारखंड का विजय अभियान जारी, पंजाब को 2–0 से हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश।

******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली में पोषण पखवाड़ा के आठवें संस्करण की शुरुआत की। इस देशव्यापी अभियान का उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

******************

पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि यह कानून न केवल राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि देश के नीति–निर्माण में भी उनकी निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करेगा। उन्होंने केंद्र सरकार के इस विजन की सराहना की।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने बोकारो सहित चार जिलों के कोषागार से हुई अवैध निकासी पर राज्य सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने साढ़े चार करोड़ के इस घोटाले की सीबीआई या न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने इसमें पुलिस अधीक्षक और जैप–आईटी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जल जीवन मिशन और डीएमएफटी फंड की भी जांच की जरूरत बतायी है।

******************

भाजपा के आरोप पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। भाजपा द्वारा कथित ट्रेजरी घोटाला मामले की जांच ईडी से कराने की मांग पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ करार दिया है।

******************

जेटेट परीक्षा में मगही और भोजपुरी को शामिल नहीं करने पर पलामू भाजपा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक आलोक चौरसिया और शशिभूषण मेहता ने कहा कि इस भेदभाव के विरोध में कल डालटनगंज के छहमुहान पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय भाषाओं को सम्मान नहीं मिला, तो पूरे जिले में उग्र आंदोलन होगा।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में प्रोफेसरों की कमी और अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने विश्वविद्यालय के जवाब को असंतोषजनक पाते हुए वीसी,

रजिस्ट्रार और उच्च शिक्षा सचिव समेत कई अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 418 छात्रों के भविष्य पर चिंता जताई है।

******************

राज्य मंत्रिमंडल की अगली बैठक 15 अप्रैल दोपहर तीन बजे बुलाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अनुसार, यह बैठक रांची के प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

******************

पश्चिम एशिया संकट पर आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने वितरण केंद्रों पर किसी भी कमी की खबरों को खारिज करते हुए बताया कि कल एक दिन में 51 लाख से अधिक सिलेंडर बांटे गए। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

******************

झारखंड लोक सेवा आयोग 26 अप्रैल को राज्य के छह जिलों में झारखंड पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 22 अप्रैल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक जांच अनिवार्य होगी और बिना वैध पहचान पत्र के प्रवेश नहीं मिलेगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के लोक भवन में अंजनी चौधरी की पुस्तक व्हेयर देयर इज रिस्क, देयर इज एन एक्चुअरी का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बढ़ते तकनीकी बदलावों और सुरक्षित डिजिटल लेन–देन के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने जोखिम प्रबंधन को वर्तमान आर्थिक दौर की बड़ी जरूरत बताया।

******************

हजारीबाग में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज जल संसाधन विभाग के कार्यालय में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राहुल मालतो और असिस्टेंट इंजीनियर चिरंजीवी दांगी को एक लाख बहत्तर हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। दोनों अधिकारियों से फिलहाल पूछताछ जारी है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने घोषणा की है कि रांची में 1 से 3 मई तक भव्य सांसद सांस्कृतिक महोत्सव और स्वदेशी मेला आयोजित होगा। इसका उद्देश्य स्थानीय कला और दीदी समूहों के उत्पादों को मंच देना है। श्री सेठ ने कहा कि महोत्सव में झारखंडी व्यंजनों के स्टॉल और पारंपरिक नाटकों के जरिए स्वदेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा।

******************

राज्य में वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अब कम हो रहा है। मौसम विभाग ने कल मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की उम्मीद जतायी है। हालांकि 11 अप्रैल से एक नया सिस्टम सक्रिय होगा, जिससे आने वाले दिनों में फिर से आंधी–बारिश की संभावना बन सकती है।

******************

रांची के मारंग गोमके हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही 16वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप में मेजबान झारखंड ने सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। आज क्वार्टर फाइनल मुकाबले में झारखंड ने शानदार खेल दिखाते हुए पंजाब को 2–0 से शिकस्त दी।

*******समाप्त*******